

# आत्मचिंतन, संयम मनुष्य को बनाता है मजबूत : आचार्यश्री

## विद्योदय तीर्थ में भगवान नेमिनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 20 जुलाई. एमपी नगर स्थित श्री विद्योदय तीर्थ में सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक आयोजनों का संगम देखने को मिला. आचार्यश्री समयसागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में आयोजित धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.**

इस दौरान भगवान नेमिनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया, जिसमें भक्तों ने निर्वाण लाडू अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की. पूरे परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों और जयघोषों के बीच आध्यात्मिक वातावरण बना रहा.

धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्यश्री समयसागर महाराज ने कहा कि मोक्ष का वास्तविक अर्थ मन की निराकुल अवस्था है. उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति राग, द्वेष, चिंता और मानसिक विकारों से मुक्त होकर शांत भाव में जीना सीख लेता है, तभी वह मोक्ष के मार्ग पर आगे बढ़ता है. उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में अनावश्यक आसक्ति और परिचय कई बार कष्टों का कारण बनते हैं. इसलिए आत्मचिंतन और संयम का अभ्यास ही मनुष्य को भीतर से मजबूत बनाता है. आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में अशोका गार्डन समाज महिला मंडल और बहू मंडल ने आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की सामूहिक पूजन-अर्चना की. इसके बाद भगवान नेमिनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान हुए. कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने आचार्य श्री के प्रवचनों को सुना और उनके बताए संदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया.

आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागरुकता बढ़ाने के साथ युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और जैन दर्शन से जोड़ने का माध्यम भी बन रहे हैं. कार्यक्रम के अंत में आचार्यश्री की आहारचर्या का सौभाग्य मनोज जैन बांगा परिवार को प्राप्त हुआ.

# सही भवन डिजाइन से कम हो सकता है तापमान

▸ मैनिट में पांच दिनी कार्यशाला में विशेषज्ञों ने कहा

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 जुलाई. भवनों की सही डिजाइन, निर्माण तकनीकों के माध्यम से वायु तापमान में लगभग 1.5 डिग्री और पौधरोपण से तापमान में 3.5 डिग्री तक की कमी लाई जा सकती है. यह बात विशेषज्ञों ने मैनिट के वास्तुकला और नियोजन विभाग द्वारा आयोजित 5 दिवसीय कार्यशाला में कही.**



इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया के मप्र रीजनल चैप्टर के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य विषय एनवी मेट सॉफ्टवेयर के माध्यम से बाहरी सूक्ष्म जलवायु का विश्लेषण करना रहा, जिसमें देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षकों, शोधकर्ताओं और वास्तुकला और नियोजन विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यशाला में प्रतिभागियों को शहरी सूक्ष्म जलवायु के सिमुलेशन और विश्लेषण का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया. अध्ययन के दौरान विभिन्न प्रकार के आंगन विन्यासों का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया. इसमें भवनों की ऊंचाई, दिशा, सतही निर्माण सामग्री, हरियाली और वृक्षों की विभिन्न प्रजातियों का बाहरी तापीय आराम पर पड़ने वाले प्रभाव को गहराई से समझा गया. सिमुलेशन प्रक्रिया के दौरान हवा के संभावित तापमान औसतन विकिरण तापमान और सापेक्ष आर्द्रता जैसे प्रमुख जलवायु संकेतकों का आकलन किया गया. कार्यशाला में जलवायु के अनुकूल शहरी नियोजन के लिए प्रभावी शीतलन रणनीतियों पर विशेष जोर दिया गया. विशेषज्ञों ने बताया कि सिमुलेशन के परिणामों से यह तथ्य सामने आया कि सही भवन डिजाइन और निर्माण तकनीकों से वायु तापमान में लगभग 1.5 डिग्री सेल्सियस तक की कमी लाई जा सकती है. वहीं हरित उपायों और पौधरोपण से तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट संभव है. यह बदलाव जलवायु परिवर्तन का सामना करने में सक्षम शहरों के विकास को नई दिशा देता है. कार्यशाला का समन्वय डॉ. नवीन पराशर, डॉ. सुरभि मेहरोत्रा और डॉ. आर्शी पराशर ने किया.

# भोपाल से छपरा तक नियमित चलाई जाए ट्रेन

▸ महानगर भोजपुरी समाज ने की 'चाय पर सार्थक परिचर्चा'

**भोपाल, 20 जुलाई. श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, न्यू टीटी नगर कॉलोनी, नीलबड़ भोपाल में 'महानगर भोजपुरी समाज' भोपाल के अध्यक्ष ददन सिंह यादव के अध्यक्षता में 'चाय पर सार्थक परिचर्चा' हुई.**




इसमें संगठन के महामंत्री राजेश सिंह ने समिति के आगामी रणनीति पर प्रकाश डालते हुए संगठन को संपूर्ण मध्य प्रदेश तक विस्तृत करने एवं भोपाल से बनारस तक सीधी एरोप्लेन कनेक्टिविटी पर बात रखी. संगठन के संरक्षक महेश सिंह ने भोजपुरी कविता के माध्यम से परिचर्चा की शुरुआत की. राधा कृष्ण यादव, सूर्यनाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह एवं अवधेश सिंह ने भोपाल से छपरा तक नियमित ट्रेन चलाने के लिए ज्ञापन दिए जाने की बात कही, जिसका सभी लोगों ने समर्थन किया. शैलेंद्र सिंह ने महानगर भोजपुरी समाज की नियमित बैठक के लिए नीलबड़ में एक भवन बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया. कोषाध्यक्ष रमेश यादव ने संगठन के आय-व्यय का विवरण पेश किया. अशोक सिंह, हरी लाल राम, डॉ. नवीन मिश्रा, अमरनाथ यादव, प्रेमसागर तिवारी तथा कमलेश सिंह ने उपरोक्त प्रस्ताव पर मजबूती के साथ सकारात्मक पहल करने पर जोर दिया.

## अलंकृता को सर्वश्रेष्ठ बधिर शतरंज खिलाड़ी सम्मान

**भोपाल ( खेल प्रतिनिधि ).** भोपाल में आयोजित 32वीं मध्यप्रदेश राज्य बधिर शतरंज चैंपियनशिप-2026 में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया. प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय बधिर शतरंज चैंपियनशिप के लिए मध्यप्रदेश टीम का चयन किया गया. कमला नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में इंदौर के सचिन सरसोतिया ने वरिष्ठ पुरुष वर्ग का खिताब जीता. आयोजकों के अनुसार भोपाल की अलंकृता श्रीवास्तव को पिछले नौ वर्षों के लगातार प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ बधिर शतरंज खिलाड़ी सम्मान दिया गया.

## एक नजर में

### आनंद विहार कॉलेज का 27 वां स्थापना दिवस मनाया

**भोपाल(नवभारत प्रतिनिधि).** आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन का 27 वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ मधु मिश्रा ने उपस्थित वनिता समाज और प्रबंधन समिति के सदस्यों को पौधा भेंट कर किया. इस दौरान वनिता समाज की अध्यक्ष मधु सरन ने छात्राओं और शिक्षकों को बधाई दी. महाविद्यालय की अध्यक्ष हेना बोस ने कहा कि संस्था सदैव छात्राओं के सर्वांगीण विकास और उनके उत्थान के लिए समर्पित है. समिति की सचिव कृष्णा विजयवर्गीय और कोषाध्यक्ष जीवन राव ने भी सभी को बधाई दी और विद्यार्थियों को बहुमुखी व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में एक विशेष प्रस्तुति के जरिए विगत वर्षों की स्मृतियों को स्लाइड शो के माध्यम से दर्शाया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज गणेश स्तुति नृत्य से हुआ.



### पर्यावरण की सुरक्षा हर नागरिक का मूल कर्तव्य

**भोपाल(नवभारत प्रतिनिधि).** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के डीन और डायरेक्टर मुकेश कुमार साहू ने की. मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल के जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनीत अग्रवाल उपस्थित रहे. आमंत्रित अतिथियों में भोपाल के जिला विधिक सहायता अधिकारी एम जिलानी, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार अजीत सोनी, डॉ. अनु श्रीवास्तव और एनसीसी अधिकारी कैप्टन पीयूष नेमा शामिल हुए. कार्यक्रम में प्रोफेसर मुकेश कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान के तहत पर्यावरण की रक्षा करना और उसे समृद्ध बनाना देश के प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है. यह जिम्मेदारी केवल स्वयं के प्रति नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है.

## नगर में आज

**आचार्यश्री की पूजन, प्रवचन**
**समय-** सुबह 8:30, 8:45, **स्थान-** श्री विद्योदय तीर्थ एमपी नगर

**माह का प्रादर्श**
**समय-** सुबह 11 से, **स्थान-** राष्ट्रीय मानव संग्रहालय

**चित्र प्रदर्शनी**
**समय-** सुबह 11 बजे से, **स्थान-** मप्र जनजातीय संग्रहालय

**नाट्य कार्यशाला**
**समय-** शाम पांच बजे से, **स्थान-** कालीबाड़ी न्यू मार्केट

# विद्यार्थी अंतरिक्ष विज्ञान से रूबरू

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 जुलाई. आंचलिक विज्ञान केंद्र में अंतरराष्ट्रीय चंद्रमा दिवस के अवसर पर विज्ञान और शिक्षा को समर्पित विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया. इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों शिक्षकों और विज्ञान प्रेमियों के भीतर अंतरिक्ष विज्ञान चंद्र अभियानों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति उत्सुकता और समझ को बढ़ावा देना रहा.**

वहीं कार्यक्रम के दौरान रॉकेट प्रक्षेपण और सॉफ्ट लैंडिंग का एक व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया. इसमें उपस्थित विद्यार्थियों को रॉकेट विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों प्रक्षेपण की प्रक्रिया और चंद्रमा पर उतरने की जटिल वैज्ञानिक अवधारणा को बहुत ही सरल तरीके से समझाया गया.

इसके बाद कार्यक्रम में हम पुनः चंद्रमा पर क्यों लौट रहे हैं विषय पर एक विशेष विज्ञान व्याख्यान आयोजित किया गया. जिसमें विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए.

> प्राध्यापक मयूरेश सुर्निस ने विद्यार्थियों को भविष्य के चंद्र अभियानों, चंद्रमा पर मौजूद संसाधनों की संभावनाओं की विस्तार से जानकारी दी. साथ ही एक लाइव वैक्यूम का प्रदर्शन भी आयोजित हुआ. इसमें चंद्रमा पर मौजूद निर्वात जैसे वातावरण में विभिन्न वस्तुओं के व्यवहार को वैज्ञानिक प्रयोगों द्वारा दिखाया गया.

## एथलेटिक्स ट्रायल में 400 खिलाड़ियों की दौड़

**भोपाल ( खेल प्रतिनिधि ).** खेल एवं युवा कल्याण विभाग की टैलेंट सर्च 2026-27 के तहत टीटी नगर स्टेडियम में सोमवार से शुरू हुए एथलेटिक्स चयन ट्रायल के पहले दिन 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों ने दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप, पोल वॉल्ट, शॉटपुट सहित विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी क्षमता दिखाई. चयनित खिलाड़ियों को विभाग की एथलेटिक्स अकादमी में जगह मिलेगी. मुख्य प्रशिक्षक एस.के. प्रसाद ने बताया कि ट्रायल में खिलाड़ियों का केवल प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि अलग से फिटनेस टेस्ट भी लिया जा रहा है.

# बहराणा साहब का श्रद्धापूर्वक विसर्जन

## लालघाटी के विजय नगर में भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव की धूम

संत नगर संवाददाता

**संत नगर, 20 जुलाई. विजय नगर, लालघाटी स्थित सिंधी समाज उत्थान पंचायत द्वारा हरि सेवा गंगा दरबार में भगवान झूलेलाल के पावन चालीहा महोत्सव के तहत श्रद्धालुओं ने बहराणा साहब का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया.**



पंचायत के अध्यक्ष एवं व्यवस्थापक आनंद सबधाणी ने बताया कि भगवान झूलेलाल का यह पावन चालीहा महोत्सव लगातार 40 दिनों तक मनाया जाएगा. उन्होंने बताया कि बहराणा साहब की स्थापना कर धार्मिक अनुष्ठान किए गए. श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त किया. पूजा-अर्चना के उपरांत सभी श्रद्धालु शोभायात्रा के साथ शीतलदास की बगिया पहुंचे, जहां बहराणा साहब का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया. इस अवसर पर आनंद सबधाणी, साध्वी मंजरी प्रिया, अशोक टिलवानी, सुशी डोडानी, इंदरदास मेघानी, राधेश्याम नाथाणी, किशन आसूदानी, मनोहर आसूदानी, अर्जुन वाधवानी, हरचंद चावलानी, नंदलाल मोतियानी, गीता सजदेवा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.

# अभिनव-उदित की जोड़ी बनी चैंपियन

## उड़ान पैडल ओपन प्रतियोगिता का समापन

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल,20 जुलाई. भोपाल में आयोजित दो दिवसीय उड़ान पैडल ओपन प्रतियोगिता का समापन हुआ. प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया, जिससे भोपाल में तेजी से लोकप्रिय हो रहे पैडल खेल को प्रतिस्पर्धी मंच मिला. टूर्नामेंट ग्रुप और नॉकआउट फॉर्मेट में खेला गया.**



चैंपियन खिताब अभिनव और उदित की जोड़ी ने चिराग और हर्ष की जोड़ी को हराकर अपने नाम किया. चार समूहों से तुषार-उदित, नगद-चिराग, अभिनव-उदित, वरुण-कारन, दिव्यांशु-विजय, मधुर-निश्चय, चिराग-हर्ष लक्ष्य-इहित क्वार्टर फाइनल में पहुंचे. इसके बाद क्वार्टर फाइनल से सेमीफाइनल की टक्कर अभिनव-उदित बनाम चिराग-अंगद और दिव्यांशु-विजय बनाम हर्ष चिराग रही. तीसरे स्थान पर दिव्यांशु-विजय और चिराग-अंगद की जोड़ियां संयुक्त रूप से रहीं. आयोजक शांतनु के अनुसार सभी मुकाबले अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप कराए गए. प्रतियोगिता के दौरान लाइव स्कोरिंग और पेशेवर मैच संचालन की व्यवस्था भी की गई. समापन समारोह में विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. आयोजकों का कहना है कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भोपाल में पैडल खेल को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को नियमित प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराना है. भविष्य में इसे और बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना है.

## बजरंग दल का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न

**भोपाल.** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला नया भोपाल का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग नीलबड़ स्थित एक रिजॉर्ट में हुआ. वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन कार्य, सेवा गतिविधियों, युवाओं की भूमिका,राष्ट्रभक्ति और समाज से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया. आयोजकों के अनुसार अभ्यास वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देना था. इस दौरान सेवा कार्यों, समाज में सक्रिय भागीदारी और अनुशासन से जुड़े विषयों पर वक्ताओं ने मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप के प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान ने कार्यकर्ताओं से समाज सेवा, सुरक्षा और संस्कार से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहने की बात कही.



# भाजपा महिला जिला अध्यक्ष प्रियंका मिश्रा का किया स्वागत

**भोपाल, 20 जुलाई. भाजपा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रियंका मिश्रा का सोमवार को कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया.**

संतनगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रियंका मिश्रा से भेंट कर संगठन को मजबूत करने के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया. इस दौरान मंडल कोषाध्यक्ष और हीरो फैन्स क्लब के अध्यक्ष हीरो हिन्दू ने भी उनसे मुलाकात की और कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक -2 की पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, संतनगर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती मूलचंदानी सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे. कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी संभालने पर प्रियंका मिश्रा को बधाई दी.

**लापरवाही** | भोपाल की पहचान ऐशबाग़ स्टेडियम की हालत बदहाल

# टूट गई रेलिंग, फेंसिंग और पेवेलियन भी हो गया जर्जर

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 जुलाई. भोपाल शहर की पहचान और वर्षों से राष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ियों को तैयार करने वाले ऐशबाग़ स्टेडियम की हालत बदहाल है. यहां रखरखाव के अभाव में फेंसिंग टूट गई हैं, रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई है. स्प्रिंकलर सिस्टम भी खराब है और मैदान की स्थिति भी ठीक नहीं है. स्टेडियम की हालत इतनी खराब है कि खिलाड़ियों ने हादसे की आशंका जताई है.**



स्टेडियम से जुड़े राष्ट्रीय खिलाड़ी अफ्फान यूसुफ का कहना है कि कभी इस मैदान पर खिलाड़ियों की भीड़ रहती थी, लेकिन अब सुविधाओं की कमी और खराब रखरखाव से हालात बदल गए हैं. उनके मुताबिक मैदान की सूखी सतह, टूटी रेलिंग और फेंसिंग खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है. उन्होंने दावा किया कि शिकायतें कई बार की गईं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ. मैदान की यह स्थिति कोई नई नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों के अनुसार पिछले 8-9 महीनों से बनी हुई है. राष्ट्रीय खिलाड़ी असद कमाल ने भी स्टेडियम की स्थिति पर कहा कि यहां रोज करीब 100 खिलाड़ी अभ्यास करते हैं, इसलिए रखरखाव जरूरी है. उनका कहना है कि भोपाल में हॉकी के होनहार खिलाड़ी आज भी है. इन खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए. उनका कहना है कि सूखी टर्फ और बंद पड़े स्प्रिंकलर के कारण चोट का खतरा बढ़ गया है. उनका सवाल है कि यदि कोई खिलाड़ी के साथ हादसा हो जाए, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

> इधर, संयुक्त संचालक खेल बी.एस. यादव ने कहा कि ऐशबाग स्टेडियम नगर निगम की संपत्ति है और खेल विभाग इसका उपयोग मुख्य रूप से खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए करता है. स्टेडियम की स्थिति के संबंध में नगर निगम और संबंधित अधिकारियों से चर्चा की जाएगी. जो भी व्यावहारिक सुधार संभव होंगे, उन्हें कराया जाएगा. वहीं, नगर निगम के पीआरओ प्रेमशंकर शुक्ला का कहना है बारिश के कारण स्टेडियम के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा है. मरम्मत की योजना पहले बनाई गई थी, लेकिन उस पर समय पर काम नहीं हो सका. अब स्टेडियम की स्थिति सुधारने के लिए आवश्यक कार्य कराए जाएंगे.

# भाषा तकनीकों का लाभ उठाएं छात्र-छात्राएं

**भोपाल, 20 जुलाई. रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में उत्तर पूर्व और दक्षिण के 10 राज्यों से आए विद्यार्थियों के लिए सोमवार को एक विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया. केंद्रीय हिंदी निदेशालय भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्णावट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि भाषा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए नए बदलावों ने हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के उपयोग को बहुत आसान बना दिया है.**




> कार्यक्रम में विशेषज्ञ कुणाल सिंह ने अनुवाद के सिद्धांत और व्यावहारिक पहलुओं पर रोशनी डाली. उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज के दौर में अनुवाद के क्षेत्र में रोजगार के कई बेहतरीन अवसर मौजूद हैं. कार्यक्रम का सफल संचालन विकास अवस्थी ने किया और अंत में संजय सिंह राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया.

विद्यार्थियों को इन आधुनिक तकनीकों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिए. उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि डिजिटल माध्यमों पर हिंदी और भारतीय भाषाओं को लिखते समय रोमन लिपि के बजाय देवनागरी लिपि का ही उपयोग करना चाहिए. इस विशेष शैक्षणिक यात्रा के तहत देश के 10 अलग-अलग राज्यों से आए 50 विद्यार्थियों को भाषा साहित्य और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है.